पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से भारतीय रेलवे परिवहन सेवा–2019 बैच के 30 प्रशिक्षु अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की

रेलवे के अधिकारीगण यात्रियों के साथ संवाद स्थापित करें –राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 17 जुलाई, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी से आज राजभवन में भारतीय रेलवे यातायात सेवा–2019 सिविल सेवा परीक्षा के 30 परिवीक्षाधीन अधिकारियों और भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान (आई0आर0आई0टी0एम0), लखनऊ के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने संस्थान के महानिदेशक श्री हरि शंकर वर्मा के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की।

राज्यपाल जी ने अधिकारियों से रेलवे के तकनीकी पहलू पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि रेलवे के अधिकारीगण यात्रियों के साथ संवाद स्थापित करके उनकी सुविधाओं का पूरा ध्यान रखें। उन्होंने यह भी कहा कि अपने अधीनस्थ कर्मचारियों का पूरा ख्याल रखें, उनका मनोबल बढ़ाये ताकि वे अपने कार्य को प्रसन्नचित होकर पूरी निष्ठा और लगन के साथ कार्य निष्पादित कर सकें।

आई0आर0आई0टी0एम0, लखनऊ के महानिदेशक श्री हरि शंकर वर्मा ने राज्यपाल जी को संस्थान में उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं के बारे में अवगत कराया तथा संस्थान में आयोजित किए जा रहे विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रमों जैसे गति शक्ति, संरक्षा प्रबंधन और व्यवसाय विकास आदि के बारे में तथा इसी वर्ष दिसम्बर 2023 से शुरू होने वाले आई0आर0एम0एस0 प्रशिक्षु अधिकारियों के प्रथम बैच के प्रशिक्षण कार्यक्रम से भी अवगत कराया।

परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राज्यपाल जी को अपने दो वर्षों के फील्ड व क्लास रूम प्रशिक्षण से प्राप्त अनुभव के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव, श्री राज्यपाल, डा0 सुधीर एम0 बोबडे के अतिरिक्त भारतीय रेलवे परिवहन प्रबंधन संस्थान, लखनऊ के श्री मनोज कुमार सिन्हा, अपर महानिदेशक एवं अन्य संकाय सदस्य श्री एच0के0 रघु, डॉ0 सुजीत मिश्रा, सुश्री ऋता राज, श्री शिवेन्द्र शुक्ला, श्री एन0बी0 विक्रमादित्य, श्रीमती नेहा रत्नाकर, सुश्री कृष्णा तिवारी एवं श्रीमती ऋचा शर्मा भी उपस्थित रहे।

———–

चन्द्र विजय वर्मा/राजभवन
सम्पर्क सूत्र–9453005360